भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-318

जिसका उत्तर 05 दिसम्बर, 2023 को दिया गया

विद्युत ग्रिड का विस्तार

318. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विगत पांच वर्षों के दौरान लक्षित और वास्तविक रूप से स्थापित बिजली लाइनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ऊर्जा मांग में अनुमानित वृद्धि को देखते हुए भविष्य में ग्रिड के विस्तार का लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ग) भारतीय ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को शामिल करने संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या यह सच है कि मौजूदा नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और उसके वास्तविक उपयोग के बीच के अंतर का कारण नवीकरणीय ऊर्जा के उच्च शेयरों को समायोजित करने में भारतीय ग्रिड की असमर्थता है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) : देश में पिछले पांच (5) वर्षों में स्थापित पारेषण लाइनों (220 केवी और उससे अधिक) के संबंध में लक्ष्य और उपलब्धि का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वर्ष	**लक्षित विद्युत लाइन (सीकेएम)**	**वास्तविक विद्युत लाइन (सीकेएम)**
2018-19	22,647	22,437
2019-20	23,621	11,664
2020-21	15,791	16,750
2021-22	19,255	14,895
2022-23	14,581	14,625
2023-24(अक्टूबर-23 तक)	11,420	7,026
कुल	1,07,315	87,397

(ख) : विद्युत की बढ़ती मांग और उत्पादन क्षमता में वृद्धि के अनुरूप नेशनल ग्रिड की क्षमता का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। देश में प्रति वर्ष औसतन लगभग 16,000 सीकेएम पारेषण लाइनें और 75,000 एमवीए की परिवर्तन क्षमता (220 केवी और उससे अधिक वोल्टेज स्तर) जोड़ी जा रही हैं।

(ग) : दिनांक 31 अक्टूबर 2023 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय ग्रिड में लगभग 179 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता (जलविद्युत सहित) संस्थापित है। ब्यौरे नीचे दिए गए है:

श्रेणी	**संस्थापित क्षमता (मेगावाट में)**
सौर	72,018
जलविद्युत	51,837
पवन	44,292
बायोमॉस	10,262
अन्य	573
कुल	**1,78,982**

(घ) : राष्ट्रीय ग्रिड मौजूदा नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता से उत्पादन को समायोजित करने में पूरी तरह सक्षम है।

****